an>

Title: Regarding timebound promotion of direct recruited engineers in Indian Railways.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं भारतीय रेल सेवाओं में आर.आर.बी. से पास होकर सीधी नियुक्ति प्राप्त अभियंताओं को समयबद्ध पदोन्नति के साथ ग्रुप बी श्रेणी में रखने के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्Âिषत करना चाहता हूं।

भारतीय रेल में लगभग तीन हजार से ज्यादा सीधी नियुक्ति प्राप्त अभियंता कार्यरत हैं, जो भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में बीटेक, एमटेक या समकक्ष डिग्री धारक हैं। रेल इनकी नियुक्ति ग्रुप सी श्रेणी तक सीमित रखती है, जबकि अन्य केंद्रीय संस्थानों में राज्य सरकारों ने इन्हें ग्रुप बी राजपत्रित श्रेणी में रखा है। सीधी नियुक्ति प्राप्त अभियंताओं को न तो समयबद्ध पदोन्नति, न पूरे सेवा काल में उच्च पद को प्राप्त कर पाते हैं। जबकि 10+2 एवं आईटीआई पास ग्रुप डी श्रेणी कर्मी वरिÂष्ठ अनुभाग अभियंता बन जाते हैं।

अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि अन्य केन्द्रीय एवं राज्य सेवाओं में लागू नियमों की तरह सीधी नियुक्ति प्राप्त अभियंताओं को समयबद्ध पदोन्नति एवं ग्रुप बी श्रेणी में रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Laxman Giluwa.